**एल.ई.डी. ग्राम लाइट विषयक 06 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर** – इसी क्रम में महिलाओं में तकनीकी दक्षता को स्थापित करने एवं उनके संवर्धन हेतु एक अनूठी पहल करते हुए उन्नत भारत अभियान आशुतोष शिक्षा एवं सेवा संस्थान, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक के संयुक्त तत्वावधान में छः दिवसीय एल.ई.डी. ग्राम लाइट प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का तिथिवार संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत है :-

**उद्घाटन कार्यक्रम** – 06 दिसम्बर को महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में आशुतोष शिक्षा एवं सेवा संस्थान, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक एवं महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'एल.ई.डी. ग्राम लाइट' विषयक 06 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।



कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित मंचस्थ अतिथि

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में गोरखपुर के सांसद श्री रवि किशन शुक्ल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप गोरखपुर परिक्षेत्र की अग्रणी सामाजिक कार्यकत्री श्रीमती शीलम बाजपेयी, प्रशिक्षण कार्यशाला के मुख्य प्रशिक्षक श्री विवेक सिंह, आशुतोष शिक्षा एवं सेवा संस्थान के सचिव श्री विनोद सिंह, सिडबी के प्रबन्धक श्री कुमार अभयचन्द के अलावा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाएँ, महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, कर्मचारी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना तथा राष्ट्रीय कैडेट कोर के स्वयंसेवक/कैडेट उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र के पश्चात महाविद्यालय के छात्रावास योगिराज बाबा गम्भीनाथ सेवाश्रम में मुख्य प्रशिक्षक श्री विवेक सिंह द्वारा ग्राम ककरहियाँ, मंझरियाँ, हसनगंज, छोटी रेतवहियाँ एवं बड़ी रेतवहियाँ की 32 महिलाओं को एल.ई.डी. बल्ब एवं लड़ी बनाने का प्रशिक्षण दिया।



प्रशिक्षण प्राप्त करतीं ग्रामीण महिलाएं



उद्बोधन देते गोरखपुर सांसद मा. रवि किशन शुक्ल

**प्रशिक्षण कार्यशाला का दूसरा दिन**- 07 दिसम्बर को महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर के उन्नत भारत अभियान एवं मिशन मंझरियाँ द्वारा चलाये जा रहा एल.ई.डी. ग्राम लाइट विषयक छः दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रशिक्षण प्राप्त कर रही प्रशिक्षुओं को एल.ई.डी. बल्ब के विभिन्न कल-पुर्जों को असेंबल करना सिखाया गया। मुख्य प्रशिक्षक श्री विवेक सिंह ने इस पूरे प्रशिक्षण सत्र को कार्यशाला की सफलता का मुख्य आधार बताया साथ ही ऐसी कार्यशालाओं को महिला स्वावलम्बन तथा स्वरोजगार की दिशा में महत्वूपर्ण कदम बताया।



प्रशिक्षण देते मुख्य प्रशिक्षक श्री विवेक सिंह एवं उपस्थित प्रशिक्षुगण

**प्रशिक्षण कार्यशाला का तीसरा दिन**- 08 दिसम्बर को आशुतोष शिक्षा एवं सेवा संस्थान, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक एवं महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर के संयुक्त तत्वावधान में उन्नत भारत अभियान योजना के अन्तर्गत महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में आयोजित 06 दिवसीय एल.ई.डी. ग्राम लाइट योजना विषय कार्यशाला के तीसरे दिन ग्राम मंझरियाँ छोटी रेतवहियाँ, ककरहियाँ, हसनगंज और बड़ी रेतवहिया कि 32 महिलाओं ने अंगूरा लाइट, झालर, झूमर निर्माण एवं पुराने खराब एल.ई.डी. बल्ब की मरम्मत सम्बन्धी प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षक श्री राम गोपाल सिंह एवं श्री अमित साहनी ने ग्रामीण महिलाओं का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में कार्यशाला के सह संयोजक श्री विनय कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।



प्रशिक्षण देते मुख्य प्रशिक्षक श्री विवेक सिंह एवं उपस्थित प्रशिक्षुगण

**प्रशिक्षण कार्यशाला का चौथा दिन**- 09 दिसम्बर को आशुतोष शिक्षा एवं सेवा संस्थान, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक एवं महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर के संयुक्त



एल.ई.डी. बल्ब से झालर बनाना सींखती ग्रामीण महिलाएं

तत्वावधान में उन्नत भारत अभियान योजना के अन्तर्गत महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में आयोजित 06 दिवसीय एल.ई.डी. ग्राम लाइट योजना विषयक कार्यशाला के चौथे दिन ग्रामीण महिलाओं को कन्सील लाइट, एल.ई.डी. बल्ब, डोर बेल निर्माण एवं पुराने खराब एल.ई.डी. बल्ब की मरम्मत सम्बन्धी प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षक श्री राम गोपाल सिंह एवं श्री अमित साहनी ने महिलाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वावलम्बन के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस प्रशिक्षण कार्यशाला के सहसंयोजक श्री विनय कुमार सिंह ने सत्रन्त में दोनों प्रशिक्षकों का आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अनेक शिक्षक भी उपस्थित रहे।

**प्रशिक्षण कार्यशाला का पाँचवां दिन-** 10 दिसम्बर को आशुतोष शिक्षा एवं सेवा संस्थान, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक एवं महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर के संयुक्त तत्वावधान में उन्नत भारत अभियान योजना के अन्तर्गत महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में आयोजित 06 दिवसीय एल.ई.डी. ग्राम लाइट योजना विषयक कार्यशाला के पाँचवें दिन ग्रामीण महिलाओं को झूमर एवं ए.सी, डी.सी. बल्ब निर्माण सम्बन्धी प्रशिक्षण श्री राम गोपाल सिंह एवं श्री अमित साहनी द्वारा प्रदान किया। श्री विनय कुमार सिंह ने दोनों प्रशिक्षकों का आभार ज्ञापित किया।



सजावटी झूमर बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त करतीं ग्रामीण महिलाएं

**प्रशिक्षण कार्यशाला का समारोप कार्यक्रम-** 11 दिसम्बर को महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में आशुतोष शिक्षा एवं सेवा संस्थान, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) तथा महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एल.ई.डी. ग्राम लाइट विषयक 06 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती अंजू चौधरी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिष्ठित सामाजिक




उद्‌बोधन देतीं पूर्व महापौर श्रीमती अंजू चौधरी

कार्यकर्ता श्रीमती शीलम बाजपेयी भी उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के माननीय सदस्य श्री चौधरी प्रमोद कुमार ने किया। समापन समारोह में कार्यशाला के मुख्य प्रशिक्षक श्री विवेक सिंह, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक के प्रबन्धक श्री कुमार अभयचन्द तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव भी उपस्थित रहे। समारोप कार्यक्रम में 32 ग्रामीण महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया। इस अवसर पर कार्यशाला के सह संयोजक श्री विनय कुमार सिंह तथा महाविद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।



एल.ई.डी. से बने उत्पादों की प्रदर्शनी



प्रमाण-पत्र के साथ प्रशिक्षण पूर्ण कर चुकीं महिलाएं